तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार एवं टीकाकरण कर जिले ...



12 वित्तीय मंजूरी के बाद 8 महीने से तात्यापारा ...




## खबर संक्षेप



### नवोदय के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं के परिणाम में लहराया परचम

**बेमेतरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं परीक्षा में अपना परचम लहराया है। विद्यालय के कक्षा बारहवीं के सभी बच्चे शत- प्रतिशत प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 77% परसेंट बच्चे डिस्टिंक्सन के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परिणाम उत्सवधर्मिता की अनुपम अभिव्यक्ति है । यह सार्थक परिणाम निश्चय ही विद्यालय की प्राचार्य स्टाफ की कर्मठता, उचित प्रबंधन क्षमता एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का निचोड़ है। सभी विद्वान विषय शिक्षकों की मेहनत व दृढ़ इच्छाशक्ति का पारितोषिक है । सभी विद्यार्थियों की यह सफलता उनके दिन प्रतिदिन छोटे-छोटे प्रयासों का योग है। विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर युगल किशोर देवांगन 95%, योगेश कुमार सिन्हा 91% और चेतन पटेल 89.80% अंक हासिल किया है। कक्षा 12वीं के इस परिणाम में विद्यालय के 20 बच्चे 75 से 89%, 7 बच्चे 60 से 74% तथा 3 बच्चों ने 90% अंक हासिल किया ।

### डीएलएड की मेरिट में समाधान कालेज के संजय द्वितीय, पायल रहीं चौथे स्थान पर



**बेमेतरा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा अधिसूचित प्रावीण्य सूचियां में क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न अध्ययन केंद्रों में पंजीकृत विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में बाजी मारी है । सत्र जनवरी-दिसंबर 2022 में संपन्न सत्रांत परीक्षा की प्रावीन्य सूची में क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के अंतर्गत अध्ययन केंद्रों के 44 विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। इसी तरह जून- जुलाई 22-23 में संपन्न सत्रांत परीक्षाओं की प्रवीण्य सूची में क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के अंतर्गत अध्ययन केंद्रों के 44 शिक्षार्थियों ने स्थान हासिल किए हैं। जिसमें समाधान कालेज से डीएल एड से संजय निर्जके ने द्वितीय एवं पायल ने चौथे स्थान हासिल किया है। समाधान महाविद्यालय के समन्वयक उमेश सिंह राजपूत, होरीलाल देवांगन, निधि तिवारी,लक्ष्मीनारायण साहू, डॉ. जी डी मानिकपुरी, रूपेंद्र डहरिया सहित सभी स्टाफ ने छात्रों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल, अविनाश तिवारी ने छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं हैं।

### जिले की शराब दुकानों के चखना सेंटरों की तीन करोड़ 6 लाख 72 हजार में नीलामी

# अहाता से ही मालामाल हो गया आबकारी विभाग 13 दुकानों से 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आबकारी विभाग जिले की 13 शराब दुकानों के अहाता की नीलामी से ही मालामाल हो गया। विभाग को उम्मीद से कहीं ज्यादा राशि नीलामी में प्राप्त हुई।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की नई आबकारी नीति के तहत पूरे प्रदेश में चखना केंद्र की ऑनलाइन नीलामी आबकारी विभाग द्वारा की गई थी तथा प्रत्येक जिले को चखना सेंटर से अनुमानित राशि मिलने का अनुमान भी लगाया गया था। बेमेतरा जिले में आबकारी विभाग ने 13 दुकानों से 2 करोड़ 38 लाख रुपए राजस्व प्राप्ति का अनुमान लगाया गया था। किंतु टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिले की सभी शराब दुकानों में चखना सेंटर के लिए 3 करोड़ 6 लाख 72 हजार 100 रुपए का राजस्व आबकारी विभाग को प्राप्त हुआ। यह टेंडर 31 मार्च 2025 तक के लिए आमंत्रित किया गया है। निविदा की प्रक्रिया अप्रैल में ही पूरी कर दी गई थी। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी सी आर साहू ने बताया कि टेंडर में डाले गए अधिकतम दर के आधार पर निविदा मिलने वाले को 2 महीने की निर्धारित राशि एवं 2 महीने की राशि की बैंक गारंटी जमा करने के पश्चात दुकान चलाने की अनुमति अनुबंध के तहत प्रदान कर दी जाएगी। प्रत्येक महीने की 1 तारीख को दुकानदार को निर्धारित राशि विभाग में जमा करनी होगी, तब विभाग द्वारा दुकान चलाने की अनुमति संबंधित ठेकेदार को दी जाएगी।

### विभाग ने 2 करोड़ 28 लाख रूपए का लगाया था अनुमान, 28 फीसदी ज्यादा राजस्व मिला



### जिला मुख्यालय की अंग्रेजी व देशी दुकानों से मिलेंगे पौन करोड़ रूपए

सरकार की नई नीति से जिला मुख्यालय स्थित कोबिया वार्ड ओर पीकरीपारा में अंग्रेजी व देशी शराब दुकान संचालित है। आम चर्चा के अनुसार अब तक राजनैतिक दलों के समर्थकों के अंडर में चखना दुकानें चलाई जा रही थीं। पर प्रदेश सरकार की नई नीति से इन दोनों स्थानों की शराब दुकान से 87 लाख 44 हजार हर महीने मिलेंगे। बता दें कि नई नीति से पहले चखना दुकानों को चलाने के लिए नेताओं के करीबियों में होड़ मची रहती थी। लेकिन, राज्य सरकार की नई नीति से मुफ्त में चखना दुकान चलाने वाले समर्थक एक तरह से मायूस हो गए हैं।

### बेमेतरा पिकरीपार सबसे ज्यादा 38 लाख 30 हजार में नीलाम

जिले की विभिन्न शराब दुकानों में चखना सेंटर से प्राप्त राशि में बेमेतरा के पिकरीपार स्थित शराब दुकान का अहाता सबसे ज्यादा 38 लाख 30 हजार में नीलाम हुआ है। वहीं, सबसे कम नवागढ़ स्थित अंग्रेजी शराब दुकान का अहाता 11 लाख 50 हजार में नीलाम हुआ। बेरला देसी शराब दुकान के लिए 26 लाख 26 हजार रुपए, बेरला की अंग्रेजी शराब दुकान के लिए 22 लाख 51 हजार, थान खमरिया देसी शराब दुकान के लिए 20 लाख रुपए तथा अंग्रेजी शराब दुकान के लिए 15 लाख 71 हजार रूपए मिले। वहीं, नवागढ़ देसी शराब दुकान के लिए 29 लाख तथा अंग्रेजी शराब दुकान के लिए 11 लाख 50 हजार तथा बेमेतरा जिला मुख्यालय के कोबिया स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के लिए 23 लाख 54 हजार रूपए मिले। इसी तरह देवकर स्थित शराब दुकान के लिए 24 लाख रुपए, परपोड़ी के लिए 24 लाख 35 हजार, मारो के लिए 23 लाख 60 हजार तथा दाढ़ी शराब दुकान के लिए 21 लाख रुपए है। बेमेतरा कोबिया देसी शराब दुकान के लिए 25 लाख 60 हजार तथा बेमेतरा पिकरीपारा स्थित शराब दुकान के लिए 38 लाख 30 हजार की राशि टेंडर से मिली है। इस तरह से आबकारी विभाग को कुल 3 करोड़ 6 लाख 72 हजार 100 रूपए की राशि प्राप्त हुई है।

# खेत में मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका

- वारदात: नवागढ़ थाने का मामला, पुलिस जांच में जुटी
- नुकीले पत्थर से सर में चोट के निशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

नवागढ़ थाना इलाके के ग्राम बरबसपुर सरपंच के खेत में अधेड़ उम्र की एक स्थानीय महिला कामिन निषाद पति स्व. बंशी निषाद की लाश मिली है। दिनदहाड़े अज्ञात आरोपियों द्वारा नुकीले पत्थर चन्द घण्टों में ही हत्या की घटना को देने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर मृत महिला का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले में जांच व तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मृत महिला गांव की निवासी है। महिला सोमवार की सुबह 7 बजे अपने खेत धान की कटाई के लिए गयी हुई थी, जिसे कुछ ग्रामीणों ने देखा। वही अगले दो घंटे के अंदर खेत में ट्रैक्टर लेकर जा रहे ग्रामीण ने मृतक को संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ देखा। जिसके बाद खेत मालिक सरपंच के माध्यम से नवागढ़ पुलिस को जानकारी मिली कि बरबसपुर गाँव के खेत में लहूलुहान लाश मिली है। घटना की जानकारी लगते ही गाँव में हड़कम्प मच गया। शव देखने के बाद लोगों ने आशंका जताई कि महिला को एक ही धारदार पत्थर से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतारा गया होगा। जिसके निशान स्पष्ट घटनास्थल पर दिखाई दे रहे है। वही मर्डर कांड के आरोपी का कोई सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है।

### रंजिश का हो सकता है मामला

बताया जा रहा है कि मृतक महिला कामिन निषाद(65वर्ष) का पति काफी पूर्व में चल बसा है। उसके तीन लड़के व एक लड़की हैं। सभी की शादियां हो चुकी हैं एवं एक बेटे बाहर व दो बेटे गाँव में ही अलग अलग रहते हैं। मृत महिला के पास 5 एकड़ की जमीन गाँव में ही सम्पत्ति के रूप बताई गई है, जिसमें फिलहाल धान की दूसरी फसल ली जा रही थी। चूंकि मृत महिला अकेले ही काफ़ी समय से गुजर बसर कर रही थी। इस कारण महिला की हत्या के कई सारी आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मर्डर कांड में निजी रंजिश या खेत से सम्बंधित का मामला हो सकता है।

### जांच कर रहे

मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। केस की हर कड़ी व पहलुओं की बारीकी से जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

- **दुलेश्वर यादव** थाना प्रभारी, नवागढ़

# बालवाड़ी शिक्षण के अंतर्गत ईसीसीई प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बालवाड़ी शिक्षण के अंतर्गत तीन दिवसीय ईसीसीई याने प्रारम्भिक वर्षों की शिक्षा और देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रम खंड स्त्रोत कार्यालय बेरला में आज से शुरू हुआ।

प्रशिक्षण के पहले दिन बीआरसी खोमलाल साहू के मार्गदर्शन में पूजा अर्चना एवं राष्ट्रगान हुआ। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों को उचित देखभाल के साथ शिक्षा से जोड़ना व स्कूल रेडिनेश के लिए तैयार करना है। ईसीसीई का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी रुचि के अनुरूप खेल कराकर, गतिविधि के माध्यम से शिक्षा देना है। ईसीसीई प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर के रूप में स्मिता साहू, सावित्री साहू, यामिनी सेन, घनश्याम वर्मा, अनिल टंडन, खोमलाल साहू, हारून अली, शाहिद द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियो को विभिन्न प्रकार की थीम के माध्यम से गतिविधि कराकर बहुत ही मनोरंजक ढंग से प्रशिक्षण दिया गया।

- विभिन्न प्रकार की थीम के माध्यम से कराई गतिविधियां

बालवाड़ी से सम्बद्ध 52 स्कूल और उनसे जुड़े 52 बालवाड़ी के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह बच्चों के लिए देखभाल और शिक्षा आधारित प्रशिक्षण बहुत ही अच्छे ढंग से गतिविधि आधारित और खेल के माध्यम से संपन्न हुआ।

### शिक्षक को आल राउंडर प्लेयर की तरह होना चाहिए

बालवाड़ी के प्रशिक्षण में डाइट बेमेतरा प्राचार्य जे. के. घृतलहरे, एपीसी कमालनरायण शर्मा, डाइट व्यख्याता जी.एल.खुटीयारे, थलज साहू, श्रद्धा तिवारी विजिटर मौजूद रहे। सभी उपस्थित कार्यकर्ता एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण के महत्व एवं उपयोगिता को विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एक अच्छे शिक्षक को आलराउंडर प्लेयर की तरह होना चाहिए। हर क्षेत्र में पारंगत होकर अपने विभिन्न स्तर के बच्चों का समग्र विकास करना है। ईसीसीई प्रशिक्षण के अन्तिम में खंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल साहू ने कहा कि हर प्रशिक्षण कुछ नया सीखने एवं सिखाने की एक प्रक्रिया है, जिसमें हम सभी को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।

### 16 माह बाद भी पूरा नहीं हुआ 8 माह का काम

**गुरूर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर के जीर्णोद्धार कार्य पर आरईएस विभाग की ठेकेदार पर की जा रही मेहरबानियों का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। जो कार्य 8 माह में पूरा हो जाना चाहिए था, वह 16 माह में भी नहीं हो सका है। वहीं, निर्माण की गति को देख आगामी 6 माह में भी उसके पूरा होने की संभावना कम ही दिखती है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए 50 लाख रूपये जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से स्वीकृत हुए हैं।







## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411





# तप रही धरती पर राहत की बौछार, कई इलाकों में बारिश, दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद शाम होते ही छाए बादल रायपुर समेत कई हिस्सों में काफी देर तक बरसे। वर्षा की वजह से मौसम में पुनः ठंडक आ गई और दिन की गर्मी गायब हो गई। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में अगले दो दिन तक बारिश की गतिविधि बने रहने के आसार हैं। गर्मी का माहौल 16 मई से बनने की संभावना है।

■ दो दिन तापमान 40 डिग्री के पार, अब तीन दिन राहत

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही द्रोणिका पूर्व की ओर झुकी हुई है, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिन से अलग-अलग हिस्से में अंधड़ और वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इसका अधिक प्रभाव तीन संभाग रायपुर, दुर्ग और बस्तर के क्षेत्रों में अधिक देखने को मिल रहा है। शहर में पिछले दो दिन से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। रविवार को वातावरण में मौजूद 50 प्रतिशत से अधिक नमी और धूप की वजह से उमस वाली गर्मी से लोग परेशान होते रहे। दोपहर 2 बजे के बाद बादल छाने से लोगों ने राहत महसूस की। शाम होने के बाद छाए बादल शहर में तेजी से बरसने लगे और मौसम में ठंडक आ गई, साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम वैज्ञानिक गायत्री कांची भोथला ने बताया कि रायपुर में रात साढ़े आठ बजे तक सात मिमी. वर्षा दर्ज की गई है, जगदलपुर मे आंकड़ा 6 मिमी. रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर कुछ शहरों में वर्षा की अधिक सक्रियता महसूस हुई है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधि बने रहने की संभावना है, खासकर रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में शाम होने के बाद तेज गति की हवा के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने के आसार हैं। गर्मी की वापसी के लिए तापमान में बढ़ोतरी 16 मई के बाद ही होने की संभावना बन रही है।

## रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में आज भी वर्षा के आसार

### बस्तर में जमकर बरस रहे

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में बादल बस्तर इलाके में जमकर बरस रहे हैं। वहां सर्वाधिक 6 सेमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। लोरमी, सिमगा में दो सेमी. तोकपाल, सूरजपुर में एक सेमी. तथा कई इलाकों में आधा सेमी. तक हल्की बारिश होती रही।





### गर्मी का प्रभाव ज्यादा नहीं

मौसम विशेषज्ञों का तर्क है कि मई के महीने में इस बार गर्मी ज्यादा प्रभाव नहीं दिखा पाई है। कुछ दिन ही गर्मी तेज हुई और उसके बाद मौसम में बदलाव आ गया। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से वर्षा की गतिविधि लगातार बनी हुई है।

### शहरों का तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 40.6 |
| बिलासपुर | 40.6 |
| पेंड्रा | 38.4 |
| अंबिकापुर | 37.6 |
| जगदलपुर | 34.2 |
| दुर्ग | 38.6 |
| राजनांदगांव | 40.5 |

## खबर संक्षेप



### भूमिहार ब्राह्मण समाज ने बांटा शर्बत

रायपुर। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्रह्म ऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज ने शनिवार को राहगीरों को आयुर्वेदिक पद्धति से तैयार रसीले खुशबूदार शर्बत का वितरण किया। इसमें करीब 6 हजार से अधिक राहगीर, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने ठंडे पेय पदार्थ शर्बत को पीकर धूप की तपिश से राहत पाई। बंजारी माता मंदिर भनपुरी में भूमिहार ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने पहले भगवान परशुराम की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सुधीर राय, शेषनाथ तिवारी, अवधेश पांडे, ओमप्रकाश राय, भगवान शर्मा, अनिल सिंह, अमलेश सिंह, अरुण सिंह, चंद्रभूषण शर्मा, हरेराम शर्मा, मीडिया प्रभारी डीके शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हरियाली दीदी बना रहीं जागरूक



रायपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहवासियों को घर का गीला और सूखा कचरा पृथक-पृथक कर सफाई मित्र को देने हरियाली दीदी जागरूक कर रही हैं। जनजागरूकता मॉनिटरिंग नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर और जोन के स्वास्थ्य अधिकारी कर रहे हैं। जोन 9 क्षेत्र में हरियाली दीदी पुष्पा साहू ने महर्षि वाल्मीकि वार्ड के विजय नगर मुख्य मार्ग स्थित निवास में घर का गीला कचरा हरे डस्टबिन एवं सूखा कचरा नीले डस्टबिन में देने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जोन-9 के स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू उपस्थित रहे।

### वक्ता मंच ने बांटे सकोरे

रायपुर। वक्ता मंच द्वारा पक्षियों की भूख-प्यास मिटाने अभियान चलाया जा रहा है। मंच से जुड़े सदस्य इन दिनों पक्षियों के लिए दाना पानी रखने निशुल्क सकोरे बांट रहे हैं। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया, रविवार की शाम निगम मुख्यालय के सामने गार्डन से इस अभियान को आरंभ किया गया। इस अवसर पर शुभम साहू, गंगाशरण पासी, ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, प्रमदा ठाकुर, दिव्या झा आदि उपस्थित रहे। आम जनता के मध्य निशुल्क वितरित कर उनसे अनुरोध किया गया कि अपने घर की छत, बालकनी या आंगन में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। खुले आसमान व धूप में विचरण करनेवाले पक्षियों को राहत पहुंचाने अभियान चलाया जा रहा है।

### श्रीश्री रविशंकर ने ज्ञान क्षेत्र का किया उद्घाटन

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी में संस्था का ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर-12 कमल विहार का उद्घाटन वैदिक मंत्रों की गूंज में गुरु पूजा, वास्तु पूजा एवं गणेश पूजा हवन के साथ बेंगलुरु आश्रम से श्रीश्री रविशंकर द्वारा ऑनलाइन इंटरनेट के माध्यम से किया गया। इसी दौरान 77 हजार विश्व के ऑनलाइन हैप्पीनेस प्रतिभागियों के बीच छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ लिविंग परिवार को ज्ञान क्षेत्र की आशीष एवं शुभकामनाएं मिलीं। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से कई साधकों ने हिस्सा लिया।

## जमीन सीमांकन और मुआवजा बांटने की प्रक्रिया में विलंब के चलते ऐसा हाल

# वित्तीय मंजूरी के बाद 8 महीने से तात्यापारा शारदा चौक सड़क निर्माण फाइलों में उलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में तात्यापारा से शारदा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया वित्तीय मंजूरी के 8 महीने बाद भी फाइलों में उलझी है। इसे बनाने के लिए सितंबर 2023 में ही 136 करोड़ की मंजूरी सरकार ने दी थी। इसके बावजूद लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने का काम आगे नहीं बढ़ा है। जिम्मेदार प्रभावित हो रहे परिवारों और दुकानों का सीमांकन कर अभी भी मुआवजा नहीं दे पाए हैं। इसके चलते निर्माण एजेंसी तय करने की प्रक्रिया भी अटकी हुई है।

हरिभूमि सरोकार

शारदा चौक से तात्यापारा के बीच हजारों लोग रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझते हैं। यह समस्या 16 साल से लगातार बनी हुई है। इससे राहत देने कई बार प्लानिंग की गई, मगर काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। 11 सितंबर 2023 को सरकार द्वारा की गई पहल और दिए गए निर्देश की स्थिति जांचने पर पता चला कि 136 करोड़ की वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद जिम्मेदारों ने तात्यापारा से शारदा चौक के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में अधूरी सड़क को फोरलेन बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। निर्माण के दायरे में आने वाली दुकानों व मकानों का सर्वे-सीमांकन के बाद राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा अभी तक नहीं दे पाए हैं। इस वजह से लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू करने के लिए एजेंसी भी तय नहीं की है।

### किसे मुआवजा देना है, तय नहीं


पड़ताल में पता चला है कि शासन के आदेश पर फंड की स्वीकृति के बाद एक सप्ताह में प्रभावितों की रिपोर्ट बनानी थी। अभी भी मुआवजा किसे देना है, जिम्मेदार यही तय नहीं कर पाए हैं। इसके चलते जमीन खाली कराने की प्रक्रिया अटकी हुई है। इससे पहले सड़क निर्माण के लिए एजेंसी तय करने टेंडर का प्रावधान नहीं है। विभाग ने अभी टेंडर इसलिए भी नहीं किया है, चूंकि जिस स्पॉट पर सड़क चौड़ीकरण होना है, वहां जमीन ही खाली नहीं हुई है। कितने लोग 500 मीटर के दायरे में प्रभावित होंगे, इसकी सही जानकारी भी नहीं मिली है।



### करदाता की जांच भी नहीं

तहसील के जिम्मेदार अफसरों ने अभी तक प्रभावित दुकानों और मकान मालिकों की भूमि का रिकार्ड इसलिए लोक निर्माण विभाग को नहीं दिया है, चूंकि सीमांकन रिपोर्ट में निगम, तहसील और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त सहमति होगी। इसके बाद ही उसे खाली कराने के लिए जिला प्रशासन को दिया जाएगा। वहां से होने वाले आदेश पर फोरलेन सड़क के लिए तय जमीन को खाली कराया जाएगा। बताया जाता है कि सीमांकन में बताई गई राजस्व भूमि का निगम को दिए जाने वाले टैक्स से भी मिलान होना है। इसके लिए जिम्मेदारों ने प्रक्रिया नहीं की है।

### 16 साल से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे यहां के रहवासी



#### अधिकारियों ने नहीं मांगी जानकारी

मुआवजा देने के लिए सर्वे व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद निगम से प्रॉपर्टी टैक्स के आधार पर जमीन मालिकों का मिलान किया जाना था। अभी तक जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी नहीं मांगी है। मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

**- एजाज ढेबर**, महापौर

### चौतरफा दबाव से लग रहा जाम

इसके पहले तात्यापारा से आमापारा चौक के बीच सड़क चौड़ी की गई थी। अधूरे चौड़ीकरण के चलते शारदा चौक से तात्यापारा के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में रोज ट्रैफिक जाम में हजारों लोग फंसते हैं। इससे निजात दिलाने के लिए पूर्व में किए गए प्रयास और प्रभावितों द्वारा लगाई गई आपत्ति व मुआवजे के कारण निर्माण अटका था। आठ महीने पहले दोबारा प्रयास किया गया, लेकिन निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया। मौके पर अभी भी चौतरफा ट्रैफिक दबाव होने से दिन में कई बार लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता क्लीयर होने का इंतजार करना पड़ता है।

# उधार लेकर डकार गया युवक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख के बदले डेढ़ गुना राशि देने का झांसा देकर रकम लेने, रकम वापस मांगने पर धमकी देने से परेशान होकर युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। खुदकुशी करने वाले युवक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। सिविल लाइंस थानेदार ने , पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



पुलिस के मुताबिक शंकरनगर सेक्टर-2 में रहने वाले संदीप बग्गा ने खुदकुशी की है। संदीप ने चार दिन पूर्व जहर सेवन किया था, जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल किया गया। उपचार के दौरान संदीप की रविवार तड़के मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उल्लेख किया है कि किसी नितेश मित्तल ने उससे महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख रुपए लिए थे। संदीप ने अपने सुसाइड नोट में उल्लेख किया है कि नितेश ने उसे 10 लाख रुपए के एवज में 13 से 16 लाख रुपए देने का वादा किया था। सुसाइड नोट में संदीप ने लिखा है कि जब वह नितेश से पैसे वापस मांगने लगा तो नितेश उसे अलग-अलग नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी देता था। इधर,संदीप के भाई प्रदीप ने नितेश पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नितेश ने उधार लेने की बात से इनकार किया

संदीप द्वारा मृत्यु पूर्व लिखे गए सुसाइड नोट के संबंध में नितेश से संपर्क कर उनका पक्ष लिया गया तो उन्होंने लंबे अरसे से संदीप से भेंट नहीं होने की बात कही। पैसे लेने के सवाल पर नितेश ने कहा की उन्होंने संदीप से किसी तरह से कोई रकम उधार नहीं ली है। प्रारंभिक पूछताछ में मृतक के भाई प्रदीप ने पुलिस को बताया कि जहर सेवन करने की वजह पूछने पर संदीप ने बताया था कि नितेश उधार की रकम नहीं लौटा रहा है, जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है।

#### पड़ताल के बाद होगी कार्रवाई

आत्महत्या के मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में लेन-देन का उल्लेख है। मामले की पड़ताल करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**- रोहित मालेकर**, टीआई, सिविल लाइंस

# त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में खूनी झड़प पिता-पुत्र समेत चार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात कुछ लोगों ने पिता-पुत्र समेत चार पर तलवार से हमला कर दिया। हमले की वजह त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद पुलिस ने तलवार से हमले के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार देर रात अवंति विहार में तलवारबाजी होने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पेट्रोलिंग टीम रवाना की गई। मौके पर पुलिस पहुंची तो उन्हें जानकारी मिली कि आदर्श जगवानी तथा फैजल खान का कॉलेज में पढ़ने के दौरान चार-पांच साल पहले गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद था। इसी बात को लेकर बातचीत करने देर रात करीब ढाई बजे आदर्श जगवानी तथा आदर्श भट्टाचार्य ने फैजल खान, मो. अनीस, लक्की और सौरभ दास को अपने घर बातचीत करने के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया। इसके बाद आदर्श जगवानी तथा उसके साथियों ने तलवार लहराते हुए फैजल खान और उसके साथियों पर हमला कर दिया। तलवारबाजी की घटना में सौरभ दास, फैजल खान एवं मो. अनीस को चोटें आई हैं। घटना के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



■ कोरोना के पहले बनी थी जिला अस्पताल में शासकीय क्वार्टर देने की योजना

# सरकारी डॉक्टर्स के आवास तैयार, पर तीन माह में रहने आए केवल दो परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवश्यक सुविधाएं जुटाने के बावजूद जिला अस्पताल में बनाए गए शासकीय आवासों में डॉक्टरों की शिफ्टिंग का काम पूरा नहीं हो सका है। तीन महीने में यहां केवल दो परिवार ही शिफ्ट हो पाए हैं, जबकि आवंटन आठ डॉक्टरों को किया गया है। जिला अस्पताल में आवास सुविधा देने की योजना कोरोना के पहले बनाई गई थी।

योजना के तहत निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई थी। महामारी की वजह से इसका निर्माण काफी विलंब से हुआ और कुछ जरूरी सुविधाएं नहीं होने तथा आवंटन प्रक्रिया धीमी होने की वजह से यहां डॉक्टरों ने रहना शुरू नहीं किया था। जानकारी के अनुसार आवास से संबंधित अधूरी सुविधाओं को पूरा करने के बाद पिछले कुछ महीने से यहां चिकित्सकीय स्टाफ ने रहना शुरू किया है, मगर अभी छह परिवारों की शिफ्टिंग यहां बाकी है, जिसमें कुछ अधिकारी स्तर के डॉक्टर भी शामिल हैं। आवास निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी ने उसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया था, मगर वहां बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का काम बाकी रह गया था। आपत्ति और पत्र व्यवहार के बाद इसे पूरा किया गया तथा समस्याओं का समाधान हो गया। आवास का आवंटन सीएमएचओ सहित जिला अस्पताल में सेवा देने के वाले अन्य चिकित्सकों को किया गया है।



#### हो रही शिफ्टिंग

आवंटित आवासों में चिकित्सकों को शिफ्ट होने कहा गया है, इनमें कुछ परिवार आ चुके हैं। डॉक्टरों की अस्पताल परिसर में चौबीस घंटे मौजूदगी ही आवास निर्माण का उद्देश्य है।

**- डॉ. एसके भंडारी**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### अस्पताल में उपस्थिति उद्देश्य

इन आवासों के निर्माण का उद्देश्य अस्पताल परिसर में चिकित्सकों की चौबीस घंटे उपस्थिति है। अभी अलग-अलग स्थानों पर रहने की वजह से इमरजेंसी के दौरान एक साथ पहुंचने में विलंब हो जाता है। वर्तमान में ओपीडी के बाद सीनियर डॉक्टर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं और अस्पताल कुछ कंसल्टेंट और जूनियर डाक्टरों के भरोसे रह जाता है।

### आवंटन में भी आई थी आपत्ति

वहां आवास का निर्माण चिकित्सकों के लिए किया गया, मगर आवंटन अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को भी कर दिया गया था। इस मामले को लेकर भी उस दौरान काफी आपत्तियां आई थीं। चर्चा ये थी कि शासकीय आवास की सुविधा लेने के लिए विभिन्न स्तर पर सिफारिश भी लगाई गई थी।

## सीआर तैयार करने की प्रक्रिया 30 मई से 15 जुलाई तक

# शासकीय सेवकों की सीआर लिखने का समय एक माह बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली लिखने समयावधि में वृद्धि की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यावहारिक कठिनाइयों के चलते इसे एक माह आगे बढ़ा दिया गया है। अब 15 जुलाई तक राज्य शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखी जा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव प्रक्रियाधीन होने के कारण शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखे जाने के लिए निर्धारित समयसीमा में बढ़ोतरी की जा रही है। लोकसभा चुनाव में सभी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारी संलग्न हैं। ऐसी स्थिति में शासकीय सेवकों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली समयसीमा में लिखे जाने में व्यावहारिक कठिनाई हो रही है। अतः वर्ष 2023-24 के लिए इसकी समयावधि में परिवर्तन किया गया है। अब सेल्फ असेसमेंट प्रस्तुत करने की तिथि 30 मई, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 जून, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 30 जून और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जुलाई तक पूरा किया जाना है।



### पहले 15 जून तक पूरी करनी थी प्रक्रिया

*राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों की सीआर तैयार करने का कार्यक्रम हर साल 30 अप्रैल तक सेल्फ असेसमेंट, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 मई, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 31 मई और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जून तक पूरा किया जाना था। चुनाव के चलते इसे पूरा करना संभव नहीं था। ऐसे में जीएडी ने इसे एक माह आगे बढ़ा दिया है।*

### सीआर के आधार पर होती है पदोन्नति

*छत्तीसगढ़ शासन के अधीन कार्यरत शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति व समयमान-वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावली समय पर अधिकारी के मतांकन के आधार पर ही मिलता है। किसी कारण से यह पूरा नहीं होने के कारण इसमें देर होती है। हर साल इसकी प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाता है। फिर भी कई विभागों में समय पर पूरा नहीं होने के कारण कई विभागों में पदोन्नति और समयमान के प्रकरण लंबित रह जाते हैं।*

# प्लास्टिक कचरा: सीमेंट कंपनियों से एमओयू करेंगे नगरीय निकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय क्षेत्रों में जमा होने वाले प्लास्टिक कचरा के निपटारे के लिए सीमेंट क्लिन में अपवहन के लिए राज्य के नगरीय निकायों को सीमेंट प्लांट(कंपनियों) से एग्रीमेंट का आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल यानी एनजीटी ने दिया है।

इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त एवं नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश भेजा है। प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने समीपस्थ सीमेंट उद्योग के साथ अनुबंध(एग्रीमेंट) करें। ताकि निकाय में उत्सर्जित अपशिष्ट का प्रबंधन हो सके। इस संबंध में पर्यावरण संरक्षण मंडल से सहयोग एवं समन्वय करने का कहा गया है। यह भी कहा गया है कि जिन निकायों का अनुबंध सीमेंट उद्योग से हो चुका है उनके अनुबंध के अनुसार कार्यवाही की जाए। बताया गया है कि अभी भी कुछ निकायों में बेलिंग एवं फटका मशीन, थ्री फेस बिजली कनेक्शन के अभाव में चालू नहीं हो पाया है वहां थ्री फेस कनेक्शन लेकर मशीन को चालू करें।



### सीमेंट कंपनिया न कचरा ले जा रही, न पेमेंट दे रही

इस मामले को लेकर एक और तथ्य अपशिष्ट प्लास्टिक राज्य प्रबधन राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की छटवीं बैठक में सामने आया था। समिति को अवगत कराया गया था कि नगरीय निकायों से अनुबंधित सीमेंट उद्योगों द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट को न जाने व समय पर भुगतान न करने के कारण निकायों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### शिवनाथ एनीकट में बच्चों का खेल, भारी पड़ सकती है लापरवाही

**भिलाई।** शिवनाथ नदी एनीकट दुर्ग में पालकों और पुलिस की लापरवाही भारी पड़ सकती है। नदी में नहाने के लिए दुर्ग भिलाई के बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर नहाने जा रहे हैं। इस दौरान घट पर पालक मौजूद होते हैं और न ही पुलिस के जवान ही गंभीर हैं। गर्मी की छुट्टियां लगते ही ट्विनसिटी के किशोरवय बच्चे दोपाहिया से ग्रुप में नहाने के लिए शिवनाथ एनीकट नहाने के लिए जा रहे हैं। बच्चे मस्ती से नदी में तैरते हुए एक दूसरे को पकड़ने और खाली बोतल को पहले छूने जैसे खेल भी खेलते हैं। तैरते हुए वे गहरे पानी तक भी जा रहे हैं। इनमें कुछ बच्चे मात्र 12,14 साल के हैं। कुछ ठीक से तैरना नहीं जानते हैं। कुछ बच्चे नदी के महमरा साइट में ऊपर सीढ़ी के बुर्ज से तेजी से नीचे कूद रहे हैं। इनमें महमरा गांव की लड़कियां भी होती है। सहेलियां कूदने की आपस में शर्त भी लगा रही है। नदी में आए बड़े लोगों ने बताया कि बच्चों की मस्ती से नहाने के दौरान उनके पालकों को बच्चों के नदीं जाने की जानकारी नहीं होती है। घाट पर हमेशा पुलिस के जवान नहीं होते हैं।

### डिजिटल डॉटा के लिए आज से वकील करेंगे आवेदन

**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा पंजीयन संबंधी व्यक्तिगत विवरण को डिजिटल किया जा रहा हैं डिजिटल हेतु व्यक्तिगत विवरण संबंधी प्रारूप दुर्ग सदस्यता क्रमांक 17 से सदस्यता क्रमांक-500 तक संघ के सभागार में -13 मई सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव रविशंकर ने बताया कि 17 मई तक फार्म जमा करना है। साथ ही प्रारूप जमा करने से पहले अपना मासिक सदस्यता शुल्क जुलाई 2024 तक का जमा कर देवें ताकि आपका व्यक्तिगत विवरण संधी प्रारूप जमा लिया जा सकें।

### कौशल विकास योजना में सिलाई प्रशिक्षण हुआ शुरू

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का सीएसआर विभाग, अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न गतिविधियों और कर्तव्यों का निर्वहन करता रहा है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर द्वारा सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में महिला सशक्तिकरण के तहत, सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुरु किया गया। मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक शिखा दुबे थी।सिलाई प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में भिलाई एवं आसपास की 35 गरीब ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह 90 दिनों तक दिया जायेगा। दुबे ने कहा कि प्रशिक्षण के द्वारा सभी महिलाएं अपने कौशल का विकास करें। इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनकर परिवार में योगदान में मदद मिलेगी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण शिवराजन नायर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु महिलाओं और प्रशिक्षिका परविंदर कौर ने भी विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े और संचालन उप प्रबंधक केके वर्मा द्वारा किया गया।

# रेलवे में अफसर बदल गए, पर नहीं खुला पब्लिक टॉयलेट का ताला, तीन साल से एजेंसी ही ढूंढ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल के 15 स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट तो बनवा दिए, लेकिन इसका संचालन तीन साल में भी शुरू नहीं किया जा सका है। पब्लिक टॉयलेट पर ताला लटका हुआ है, अब बिना उपयोग के ये प्रसाधन कक्ष कबाड़ हो रहे। मंडल के अधिकारी बदल गए, लेकिन कोई भी पब्लिक टॉयलेट शुरू नहीं करा पाया। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दी थी, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक टॉयलेट बनाने पर 8 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां पुरुषों-महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा रैंप भी बनाया गया है।

**दो साल में एक बार किया टेंडर :** जोन एवं मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए दो साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसके संचालन के लिए रेलवे ने अभी तक केवल एक बार ही टेंडर जारी किया। 2021 में एजेंसी नहीं मिलने पर जिम्मेदार अफसरों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दी। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनवाए गए थे, लेकिन इनके शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। छोटे स्टेशनों के लिए अब तक टेंडर भी जारी नहीं किया गया है।

## मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट, प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च

### खराब हो रही मशीन मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। दो साल से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप पर लगे टाइल्स टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।




**जल्द शुरू करेंगे**

सीएसआर फंड से रायपुर मंडल के स्टेशनों पर बने पब्लिक टॉयलेट का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। पूर्व में भी संचालन के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन कोई एजेंसी या कंपनी सामने नहीं आई। अब फिर से प्रयास किया जाएगा, ताकि पब्लिक टॉयलेट की सुविधा लोगों को मिल सके। *-अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेलमंडल*

### इन स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट

सीएसआर फंड से रायपुर, सरोना, कुम्हारी, दुर्ग, हथबंद, सिलयारी, तिल्दा, बिल्हा, ए. केबिन, भाटापारा समेत अन्य स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट बनाए गए हैं, जिसमें केवल दुर्ग में ही इसकी सुविधा लोगों को मिल रही है। अन्य जगहों पर रेलवे संचालन के लिए एजेंसी ही नहीं ढूंढ पाया है।

## भाजपा पार्षदों समेत कुछ एमआईसी मेंबर भी चाहते हैं जनता ही चुने शहर का मुखिया

# भाजपा चाह रही पार्षद नहीं, जनता सीधे चुने मेयर, कांग्रेस बंटी, कुछ ने इसे सही ठहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि मुद्दा

लोकसभा चुनाव के बाद नवंबर-दिसंबर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर यह चर्चा छिड़ी है कि इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाए या नहीं? नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष से लेकर भाजपा पार्षद जहां मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने के पक्ष में हैं, वहीं शहरी सरकार के कुछ एमआईसी मेंबर भी खुलकर कहने लगे हैं कि शहर का मुखिया चुनने का अधिकार आम जनता को होना चाहिए। इससे महापौर मजबूत रहता है। हरिभूमि ने इस विषय पर सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी।

### जनता द्वारा महापौर चुनना बेहतर पद्धति : ज्ञानेश



वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा का कहना है, शहर की जनता द्वारा महापौर को चुना जाना बेहतर पद्धति है, वे इसके पक्ष में हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव में आम जनता द्वारा जब महापौर चुना जाता है, तब ऐसा महापौर अधिक स्वतंत्रता के साथ काम कर पाता है। वहीं अप्रत्यक्ष तरीके से महापौर का चुनाव होने पर कभी-कभी पार्षदों के अनियंत्रित दबाव में महापौर को काम करने में तकलीफ होती है। पार्षदों को खुश करने के चक्कर में शहर का विकास प्रभावित होने का डर बना रहता है। हालांकि महापौर चयन की दोनों प्रणाली का अपना महत्व है, पर इसमें कुछ खामियां भी हैं। पार्षदों को शहर के विकास के मतलब है, इसलिए महापौर की जिम्मेदारी पूरे रायपुर शहर की जनता के प्रति होनी चाहिए।

### सीधे तौर पर मेयर का चुनाव स्वागतयोग्य : नागभूषण



वरिष्ठ एमआईसी सदस्य नागभूषण राव की दो टूक राय है, सीधे तौर पर महापौर का चुनाव स्वागतयोग्य है। जनता के माध्यम से चुना गया महापौर ज्यादा मजबूत होता है, जबकि अप्रत्यक्ष प्रणाली में जब पार्षद शहर का महापौर चुनते हैं, तब वे दबाव में रहते हैं। जबकि प्रत्यक्ष प्रणाली से चयन होने पर महापौर आत्मविश्वास से भरपूर रहते हैं, पार्षद उन पर दबाव नहीं बना सकते। वैसे महापौर चुनाव की दोनों ही व्यवस्थाएं अच्छी हैं।

### जनता ही चुने महापौर : मीनल



राज्य बनने से पहले और उसके बाद 4 मौके ऐसे आए, जब महापौर का चुनाव जनता के वोट से हुआ। यह प्रणाली बिलकुल सही है। शहर की जनता का यह अधिकार हो कि वह शहर के प्रथम नागरिक को अपने स्वविवेक से चुने। पूर्व में ऐसी व्यवस्था रही है, पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने यह व्यवस्था बदली, जो कि गलत है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है, महापौर किसी एक वार्ड का नहीं होता, वह पूरे शहर का मुखिया होता है। इसलिए शहर की जनता के प्रति उसकी जवाबदेही रहती है। हमारी पार्टी की यह व्यवस्था रही है, इस बार भी जनता को ही शहर का महापौर चुनने का अधिकार मिले।

### पार्षद ही चुनें शहर का मुखिया : सतनाम



निगम के जल विभाग के अध्यक्ष सतनाम पनाग कहते हैं, जिस तरह लोकसभा और विधानसभा में प्रक्रिया के तहत नेता चुना जाता है। उसी तर्ज पर निगम के चुनाव में पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करना ही उचित होगा। इसमें पार्षदों के पास ये ताकत रहती है कि उनके द्वारा चुना हुआ महापौर ठीक से काम नहीं कर रहा तो उसे प्रस्ताव लाकर हटा सकते हैं। वहीं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने कहा है, जनता द्वारा चुने गए पार्षदों को अपना मुखिया चुनने का अधिकार होना चाहिए। 2018 में भूपेश की सरकार ने कैबिनेट में जो फैसला लिया कि मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष नहीं, अप्रत्यक्ष प्रणाली से होगा, वह सभी दृष्टि से उचित है।

### प्रत्यक्ष चुनाव के पक्ष में : प्रमोद



भाजपा के वरिष्ठ पार्षद डॉ. प्रमोद साहू का कहना है, आम जनता को ही महापौर चुनने का अधिकार हो। जनता अपनी इच्छा से महापौर का चयन करे। राज्य सरकार से मांग करेंगे कि जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर चुनाव की व्यवस्था दी जाए।

### वर्तमान प्रणाली ही उचित : मेनन



एमआईसी मेंबर श्रीकुमार मेनन का कहना है, प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर का चुनाव होने पर बड़े और रसूखदार लोगों को मेयर बनने का मौका मिलता है, गरीब एवं लायक उम्मीदवार की काबिलियत धरी रह जाती है। इसलिए पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करने की वर्तमान प्रणाली उचित है। पार्षदों के बीच से ही महापौर चुना जाना चाहिए।

# बदले जा चुके प्रभार फिर भी संभाल रहे पुराना कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए अफसरों की जिम्मेदारी बदली जा चुकी है, मगर आचार संहिता का हवाला देकर अफसर पुराना कामकाज ही संभाल रहे हैं। इसी तरह चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के नोडल अफसर भी बदले जा चुके हैं।



- स्वास्थ्य योजनाओं से संबंधित नोडल अफसरों के प्रभार में फेरबदल

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य संचालनालय और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से पूरे किए जाने वाले कामकाज का सुचारू संचालन करने अधिकारियों के पद के हिसाब से उनके बीच कार्यों का बंटवारा किया जाता है। उपसंचालक स्तर के अधिकारी जनस्वास्थ्य से जुड़े अभियान के नोडल अफसर भी बनाए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में दोनों संचालनालय स्तर पर हुए फेरबदल और कुछेक सेवानिवृत्ति के बाद उपसंचालकों के प्रभार में भी वृहद स्तर पर बदलाव किया गया था। अधिकारियों को उनकी विशेषज्ञता के आधार पर जिम्मेदारी दी गई थी। इस दौरान टीबी नियंत्रण, अंधत्व निवारण कार्यक्रम सहित विभिन्न तरह की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभार बदले गए थे। कुछ अधिकारियों ने नई जिम्मेदारी संभाल ली, मगर कई अफसर आचार संहिता का हवाला देकर अपने पुरानी जिम्मेदारी का ही निर्वहन कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के दो अफसरों की जिम्मेदारियों में शासकीय स्तर पर फेरबदल किया गया था, मगर वे पुराने कार्यों का मोह नहीं छोड़ पाए हैं। इस संबंध में आला अधिकारियों से भी शिकायत की जा चुकी है।

# चौधरी बोले- पीएससी के आरोपी देश छोड़ रहे, देना होगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, पीएससी की जांच के डर से कई लोग गायब हो रहे हैं। कुछ के तो देश भी छोड़ने की बात सामने आ रही है। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक को हिसाब देना होगा। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को धोखा देने का काम किया है। सीबीआई जांच में सारा सच सामने आ जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, पीएससी की सीबीआई जांच को केंद्र सरकार ने नोटिफाई कर दिया है। अब इसकी पूरी जांच होगी। कांग्रेस सरकार में इस मामले में क्या-क्या गड़बड़ी हुई है, इसका पूरा खुलासा होगा। जो भी इस मामले के दोषी हैं, उनको छोड़ा नहीं जाएगा।



### कांग्रेस डूबती नाव

मंत्री पद के लिए कांग्रेस के बयान एक अनार सौ बीमार पर श्री चौधरी ने कहा, कांग्रेस डूबती हुई नाव है। भाजपा में किसी पद के लिए भगदड़ नहीं मची है। कांग्रेस के पांच सालों में जय और वीरू की नहीं बन पाई। ये दूसरे पर सवाल उठाते हैं, जो हास्यास्पद है। भाजपा में अधिक संख्या में अच्छे नेता उपलब्ध हैं। भाजपा में पद नहीं दायित्व होता है। जो जिम्मेदारी दी जाती है, सभी उसका निर्वहन करते हैं।

# छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव पूरा, आचार संहिता 7 जून तक प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान हो चुका है। राज्य की सभी 11 सीटों के लिए जारी मतदान की प्रक्रिया 7 मई को तीसरे और अंतिम चरण के साथ समाप्त हो गई है। इसके बाद ये सवाल उठता है कि राज्य में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू है या नहीं? इस संबंध में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि को बताया कि यहां का मतदान समाप्त होने के बाद भी आचार संहिता पूरी तरह प्रभावशील है। देश के आम चुनावों के लिए 16 मार्च से चुनाव आचार संहिता लागू हो गई थी। 4 जून को परिणाम आने के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने यानी 7 जून तक लागू रहेगी।



### सरकार को भी अनुमति लेना आवश्यक

*राज्य में तीन चरणों का मतदान समाप्त होने के बाद भी छत्तीसगढ़ में आचार संहिता पूरी तरह लागू है, यह कहना है राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले का। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव आचार संहिता में छत्तीसगढ़ के लिए किसी प्रकार की छूट (रिलेक्सेशन) का कोई आदेश नहीं दिया है।*

# प्रदेशभर में चाकूबाजी-लूट की वारदातें आम, अपराधी बेलगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। मासूम बच्चियों के साथ दुराचार की घटनाएं बढ़ गईं। पांच माह में प्रदेश में 36 से अधिक हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं। राजधानी रायपुर में तीन गोलीकांड, लूट, चाकूबाजी, चेन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गए हैं।



उन्होंने कहा, भाजपा राज के पांच महीने में ही छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। दुर्ग में 16 वर्ष की मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या की कोशिश की गई। दो महीने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की दो घटनाएं हो गईं। राजिम में एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ इसी हफ्ते, बालोद जिले में 2 वर्षीय बच्ची के साथ, अंबिकापुर जिले में नाबालिग बच्ची के साथ बलात्कार की घटना घटी है। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में सरेआम हत्या हो गई। ऐसी ही घटना पर सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले भाजपाई इस घटना पर मौन हो गए हैं। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरों में लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं।

### सुशील ने कहा- 18 लाख आवास का दावा फेल



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है। राज्य सरकार इसकी घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। मोदी सरकार बताए, 18 लाख आवासों में से कितने आवास केंद्र ने स्वीकृत किए? मोदी सरकार ने राज्य के 18 लाख आवासों में से एक भी मकान की स्वीकृति नहीं दी। उन्होंने कहा, पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई, तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 की जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 2018 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 2 लाख 37 हजार ग्रामीण पीएम आवास तथा 19 हजार शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 2023 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाए। शेष लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया।

### एफबीडब्ल्यूपी से 16 रेक भेजे गए

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने व वित्त वर्ष 2024-25 में साबरमती स्थित अपने फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) से 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के अब तक 4 रेक भारतीय रेलवे को भेजे हैं। इसके अंतर्गत अप्रैल में भेजे गए दो रेक और मई में अब तक भेजे गए दो रेक शामिल हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के 12 रेक भारतीय रेलवे को भेजे गए थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भेजे गए चार रेक मिलाकर अब तक एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को कुल 16 रेक भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र और सेल की रिसर्च विंग रांची आरडीसीआईएस की कई टीमों ने साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी को प्रारंभ करने के लिए कई चुनौतियों का सामना किया। सेल की मार्केटिंग विंग, सीएमओ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साबरमती प्लांट से 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की पहली रेक 6 नवंबर 2023 को भेजी गई थी।

# खुशनुमा मौसम में मैत्रीबाग में बढ़ी पर्यटकों की आमद, आकर्षक जानवरों की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में नए जानवरों और पक्षियों की दरकार है। लंबे समय से आकर्षक जानवरों के नहीं आने से पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है। देश अन्य जू से नए देशी विदेशी और खूबसूरत वन्य प्राणियों को लाए जाने से सैलानियों के साथ आय भी बढ़ेगी।

पिछले महीनेभर से बदली, पानी के मौसम के चलते मैत्रीबाग में पर्यटकों की आवक बढ़ गई है। बीच बीच में हल्की धूप और बारिश की फुहारों के खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास के गांवों व कस्बों से भी लोग यहां प्रकृति का नजारा लेने आ रहे हैं। इनमें बच्चों के साथ युवा और महिलाएं भी खासी हैं। लेकिन कई लोगों को निराश होना पड़ रहा है। इसकी वजह मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों की तादाद निरंतर कम होती जा रही है। अधिकतर जानवर और पक्षी वृद्ध हो चुके हैं और कई एनक्लोजर या कैज खाली हैं। बीते वर्षों में जिस तादाद में वन्य प्राणियों की प्राकृतिक मौत हो हुई है, उस अनुपात में इनकी जगह नए जानवर और वन्य प्राणी अन्य जू से यहां नहीं लाए गए हैं। दस साल बाद महीनेभर पहले जंगल सफारी रायपुर से हुए एक जोड़ा सफेद शेर का एक्सचें किया गया और कुछ हिरणों की अदला बदली हुई। लेकिन पिछले कई साल से यहां अन्य चिड़ियाघरों से देशी विदेशी जानवर और पक्षी व जलचर नहीं लाए जाने से मैत्रीबाग की रौनक कम हो रही है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग प्रदेश का सबसे बड़ा जू है। आकर्षक देशी विदेशी वन्य प्राणियों की आमद से रौन के साथ आय भी बढ़ेगी।



Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### आत्मानंद स्कूल साजा में 10वीं में चहक व 12वीं में पूर्वा प्रथम

**साजा।** नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा दसवीं में कुल 51 में 46 विद्यार्थी तथा कक्षा बारहवीं में कुल 10 में 10 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परीक्षा परिणाम 90.19 तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में चहक देवांगन 94.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। चंचल बंजारे 92. 83 प्रतिशत द्वितीय व भूमिका भारती 92 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। बारहवीं में पूर्वा साहू 85.8 प्रतिशत (विज्ञान) प्रथम स्थान, खुशी देवांगन 79. 4 प्रतिशत द्वितीय स्थान व पायल साहू ने 78.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य मनीष कुमार वर्मा तथा सभी शिक्षकों ने होनहार बच्चों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कृष्णा ने बढ़ाया शहर का मान



**साजा।** जीनियस पब्लिक स्कूल के छात्र कृष्णा शर्मा ने कक्षा 12वीं में गणित विषय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया। मेधावी छात्र कृष्णा शर्मा भागवतचार्य पं यशवंत शर्मा के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नागेंद्र ने 38वीं बार किया रक्तदान

**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी नागेंद्र सिन्हा 27 वर्ष ने शिक्षिका प्रतिभा ठाकुर के माध्यम से अस्पताल में भर्ती मरीज की जान बचाने के लिए स्वयं के व्यय से बालोद के जिला अस्पताल में पहुंच कर ब्लड बैंक स्टाफ डा.अजय साहू, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, अभिमन्यु करपाल, हिना धुर्वे, दीपिका राजपूत के समक्ष अपना बी पॉजिटिव रक्त समूह का रक्तदान किया। नागेंद्र सिन्हा अब तक 38 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि डर हटाएं और रक्तदान कर लोगों की सेवा करें।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल चंदखुरी में क्षमा प्रथम

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोनारी के पूर्व सरपंच महेश चंद्राकर एवं सरिता चंद्राकर की सुपुत्री क्षमा चंद्राकर ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृट हिंदी माध्यम विद्यालय चंदखुरी कक्षा दसवीं में 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, प्राचार्य शिखा मिश्रा, कक्षा शिक्षक भागीरथी जोशी, तोषी पटेल, रश्मि पाठक, शीला बेलचंदन, तिलेश साहारे, हेमा भरव्दाज, सुरेन्द्र कुमार देवांगन, जितेश देवांगन, कपूर देवांगन सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने क्षमा की उपलब्धि पर उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### 12वीं में संस्कार ने स्कूल में पाया प्रथम स्थान

**डौंडीलोहारा।** नगर निवासी व छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता मेघेन्द्र जायसवाल के सुपुत्र संस्कार जायसवाल ने सीबीएससी 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।




**बैठक :** जिला टास्कफोर्स एवं अंतर्विभागीय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार एवं टीकाकरण कर जिले को बनाएं टीबी मुक्त : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा के सभाकक्ष में वयस्कों में बी.सी.जी. टीकाकरण करने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र के द्वारा समिति के सदस्यों को वयस्कों में बी.सी.जी. टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि जिले में व्यापक प्रचार प्रसार कर जिले में अभियान चलाया जाये। सभी टीकाकरण करने वाले कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दी जाये। इसके लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा सर्वे पूर्व सभी स्तर के कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही टीकाकरण करने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदाय करने को कहा। जिलाधीश ने समन्वय बैठक के दौरान उपस्थित समस्त विभागाध्यक्ष समाज कल्याण विभाग, नगरीय निकाय, महिला बाल विकास विभाग,




आदिम जाति कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन कार्यक्रम के अधिकारियों को आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए व्यस्क बी.सी.जी. टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विभागीय अधिकारी/कर्मचारी जो कि बी.सी.जी. टीकाकरण अभियान के निर्धारित मापदंड को पूर्ण करते है, उन्हे प्राथमिकता के साथ टीकाकृत कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के द्वारा जनसमुदाय में बी.सी.जी. टीकाकरण के फायदे के संबंध में अवगत कराते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के समापन के दौरान कलेक्टर द्वारा व्यस्क बी.सी.जी टीकाकरण अभियान के सभी प्रकार के प्रशिक्षण एवं सर्वे संबंधी कार्यो को समय-सीमा के भीतर शतप्रतिशत तक पूर्ण करते हुए सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र के द्वारा वयस्कों में बी.सी.जी. टीकाकरण अभियान प्रारंभ होने की जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वयस्कों में बी.सी.जी टीकाकरण का अभियान करने के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित किया गया जिसमें जानकारी देते हुए बताया गया कि वयस्कों में बी.सी.जी. का टीकाकरण करने के लिए 06 मापदंड निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत जिस व्यक्ति को विगत 05 वर्ष में टी.बी. संक्रमित हो चुका है, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति को, तम्बाकू या धूम्रपान सेवन करने वाले (स्वयं घोषित) व्यक्ति को, विगत 03 वर्षों में टी.बी. मरीज के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति को एवं (स्वयं घोषित) मधुमेह रोगी को 18 किलोग्राम प्रति वर्ग मीटर से कम बॉडी मास इंडेक्स वाले व्यक्ति को मितानिनों के माध्यम से सर्वे करके चिन्हांकित करते हुए मापदंड को पूर्ण करने वाले व्यक्ति को व्यस्क बी.सी.जी टीकाकरण के लिए लक्षयित लाभार्थी की सूची तैयार करके टी.बी. वीन पोर्टल में प्री-रजिस्ट्रेशन किया जाना है। जिसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण विकासखण्डों एवं सेक्टर स्तर पर दिया जावेगा। मैदानी स्तर के अधिकारी/कर्मचारी के प्रशिक्षण उपरांत सर्वे में प्राप्त डाटा को आधार मानकर कार्य योजना तैयार करके टीकाकरण अभियान आयोजित किया जावेगा। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, जिला, खनिज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, उपसंचालक, जनसंपर्क, जिला मीडिया प्रभारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रा.स्वा.मि., जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थिति थे।

## समाज के उत्थान के लिए सभी बच्चों को शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

छत्तीसगढ़ गहवई कूर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के गनियारी परिक्षेत्र की वार्षिक अधिवेशन ग्राम सिवनी में हुआ। इस दौरान उपस्थित

- छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन में वक्ताओं ने दिया शिक्षा पर जोर



पदाधिकारियों ने अधिवेशन की शुभारंभ भगवान श्रीराम महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया।

मौके पर मौजूद सदस्यों ने सामाजिक उत्थान के लिए विशेष चर्चा की। वहीं, समाज के वक्ताओं ने कहा कि समाज में हम सभी का योगदान जरूरी है। समाज के उत्थान के लिए सभी बच्चों को शिक्षित करना आवश्यक है, तभी हमें सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर अधिक लाभ मिल सकेगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों के लिए हमें जागरूक होना पड़ेगा जिसके लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। अधिवेशन के दौरान आय-व्यय प्रस्तुत किया गया।

अधिवेशन में केंद्रीय अध्यक्ष केंद्रीय अध्यक्ष उत्तरा कुमार वर्मा, संगठन मंत्री देवचरण वर्मा, सचिव मोहनलाल वर्मा, रामनारायण वर्मा, केंद्रीय महिला अध्यक्ष रानी वर्मा, राजप्रधान मुर्रा परिक्षेत्र रामगोपाल वर्मा, गनियारी राजप्रधान मोतीलाल वर्मा, दतरेंगी राज प्रधान कृष्णा कुमार वर्मा, बिलासपुर राज प्रधान दीपक कौशिक, अशोक वर्मा, बेमेतरा जिलाध्यक्ष नंदुराम वर्मा, महिला जिला अध्यक्ष उत्तरा वर्मा, राजकुमार वर्मा, किशोर वर्मा, रूपेंद्र कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शिव हनुमान मंदिर में मनाया आदि शंकराचार्य का प्राकट्य महोत्सव

**बालोद।** आदि शंकराचार्यजी की जयंती पर शिव हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड में प्राकट्य महोत्सव संपन्न हुआ। पुरुषोत्तम राजपूत बेलमांड वाले ने यजमानों का स्वागत पश्चात भगवान आदि शंकराचार्य जी के संक्षिप्त में जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुये भगवान के चित्र की मन्त्रेंच्चारण के साथ पूजा अर्चना प्रारम्भ किया। इसके पश्चात आदि शंकराचार्यजी के चित्र पर षोडशोपचार पूजन और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। टिकेश्वर देशमुख कोटगांव वाले ने गुरुदेव पूरी पीठधिश्वर निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के भावनाओं के अनुरूप हिन्दू राष्ट्र निर्माण में बालोद जिले के धर्मनुयायियों को आगे आकर सहयोग करने व उनके प्रकल्पों को सफल बनाने हेतु निष्ठा पूर्वक सक्रियता के साथ सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया। साथ ही बालोद जिले में गुरुदेव की सेना धर्मसंघ पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी के गठन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दिया गया व अधिक से अधिक धर्मनुरागी सज्जनों को जुड़ने व हिन्दु राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने के लिए आह्वान किया।

## 10वीं में सुजल व 12वीं पलक ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

**सीबीएसई द्वारा जारी परीक्षा परिणामों में ऐकेडमिक वर्ल्ड स्कूल का शानदार प्रदर्शन**



ऐकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की कक्षा बारहवीं एवं दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं में ऐकेडमिक वर्ल्ड स्कूल से 251 एवं दसवीं में 250 विद्यार्थी शामिल हुए। कक्षा बारहवीं में 23 छात्र-छात्राओं ने 90 या उससे ज्यादा प्रतिशत अंक अर्जित किए। इनमें पलक गोस्वामी 97.20 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे। मुस्कान संचेती ने 96.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय, जान्हवी गोयल ने 96.40 प्रतिशत के साथ तृतीय, कृष केशरवानी ने 95.80 प्रतिशत के साथ चतुर्थ, ऋतिका माखिजा ने 94.40 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह दसवीं कक्षा में इस वर्ष स्कूल से कुल 250 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कक्षा दसवीं में 22 छात्र-छात्राओं ने 90 या उससे अधिक प्रतिशत प्राप्त किए। विद्यालय में प्रथम स्थान सुजल दीपक ने 96.00 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया। द्वितीय स्थान गिरीराज नौरंग 95.20 प्रतिशत, तृतीय स्थान अवनी अग्रवाल 94.60 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान में लिसा सप्रे 94.40 प्रतिशत तथा पंचम स्थान गौरव साहू ने 94.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया।



इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि ऐकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा ने उन्हे अध्ययन के लिए जो वातावरण प्रदान किया वो सर्वथा अनुकूल रहा है। संस्था में कार्यरत उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों के सानिध्य व कुशल मार्गदर्शन से ही उन्होने यह उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 12वीं में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पलक गोस्वामी ने ऐकेडमिक स्कूल के शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि, उसके सफलता में माता-पिता एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं कृष केशरवानी ने भी अपने सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।



विद्यालय प्राचार्य पंकज जोशी ने कहा कि, आज का परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की सम्पूर्ण वर्ष में की गई मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंनें सभी छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं एवं उत्कृष्ट भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। विद्यालय संस्था संचालिका भावना बोहरा ने छात्रों को कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करते रहने के लिए प्रेरित किया।

## ब्लॉक के प्रत्येक ग्रामों के घर-घर पहुंचाना है देव संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में रचनात्मक कार्य को गति देने हेतु गायत्री प्रज्ञा पीठ डौंडीलोहारा में ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक व्ही एस अठनागर ने कहा कि 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा पर 1200 घरों में गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ गायत्री साधकों के द्वारा यज्ञ सम्पन्न किया जाना है। जिला सह संयोजक दशरथ कलिहारी ने कहा कि टोली निर्माण कर ग्राम प्रवज्या कर ब्लॉक



के प्रत्येक ग्रामों में पहुंच कर देव संस्कृति को घर घर पहुंचाना है। ब्लॉक समन्वयक भोला राम साहू ने टोली निर्माण पर चर्चा कर कहा कि ब्लॉक में 11 केंद्र बनाकर टोली का सफल संचालन किया जावेगा। मिलन सिन्हा ने 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी को मिल जुल कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। ब

लॉक स्तरीय गोष्ठी को सफल बनाने में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा, व्यवस्थापक भोलाराम साहू, सचिव मिलन सिन्हा, ट्रस्टी लूणकरण ठाकुर, के आर कुलदीप, सेवाराम मंडावी, वारुणी दिल्लीवार, गोविंद सहारे, दौलत राम साहू, उर्मिला साहू, पीलू राम साहू, गिरवर कोलियारे,विदेशी चौहान,रेनू चौहान, वीरेंद्र साहू,रंजन पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## प्लास्टिक कचरे से किसान परेशान तहसीलदार व टीआई से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

जहां शासन प्रशासन प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ भारत की कल्पना करते हैं, लेकिन इस कल्पना का नगर पंचायत अर्जुंदा में खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वर्तमान में अर्जुंदा मटेवा रोड पर शासन द्वारा संचालित मंदिरा दुकान स्थित है, जहां देशी और विदेशी मदिरा बिक रही है। किंतु उसके आसपास में कुछ लोग गैर कानूनी तरीके से बिना किसी अनुमति के चखना दुकान संचालित कर रहे हैं। चखना दुकानों से निकलने वाले पानी पाऊच की झिल्ली, पानी डिस्पोजल के गिलास तथा मदिरा की खाली शीशियों को मदिरापान के पश्चात वहीं छोड़ दिया जाता है। इसके कारण मदिरा दुकान के आसपास के किसान बहुत ही परेशान हैं। किसानों का कहना है कि कुछ दिन के बाद किसानी कार्य प्रारंभ होने वाला है और इस अपशिष्ट पदार्थ के कारण पूरा खेत खराब हो रहा है। इस स्थिति को देखते हुए वहां के किसानों ने सोमवार को अर्जुंदा तहसीलदार समेत नगर पंचायत व थाने पहुंचकर अपनी सारी समस्या को जानकारी देते हुए इस अपशिष्ट पदार्थ को सुव्यवस्थित करने की मांग को रखते हुए ज्ञापन सौंपा।

## युवती ने आग लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई।** एक युवती ने अपने घर में शरीर पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि ग्राम गोढी निवासी विद्या श्रीवास 19 वर्ष शनिवार की शाम 4 बजे शरीर पर मिट्टी तेल उडेंल कर आग लगा ली। युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के समय विद्या की चिख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुचे। लेकिन तब तक विद्या पूरी तरह जल चूकी थी। विद्या 12 वीं तक पढ़ी है दो साल से उसकी पढ़ाई बंद थी। पिता खेती किसानी और मजदूरी का काम करते हैं। शनिवार को विद्या की गां अपनी छोटी बेटी के साथ काम से बाहर गई थी। पिता भी काम पर निकल गए थे। भाई खेलने गया था। घटना के समय विद्या घर पर अकेली थी। जिन लोगों ने घर का दरवाजा तोड़कर विद्या को बाहर निकाला। उन्होंने देखा कि विद्या जली हुई हालत में घर के भीतर पड़ी मिली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहा डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच बिजली की आंख मिचौनी ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में बीते दो दिन से मौसम में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रविवार को दिनभर तपती धूप ने जहां लोगों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, तो वहीं शाम होते मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ और तेज आंधी तूफान के साथ गरज चमक व हल्की बूंदा बांदी हुई।

- तेज हवा चलते ही बंद हो जाती है बिजली

इससे लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन सोमवार को सुबह मौसम खुला और चुभन भरी तेज धूप से लोग हलाकान हो गए। सोमवार को भी दोपहर के बाद बादल छाए रहने से उमस भरी गर्मी के कारण लोग परेशान नजर आए।



मौसम बदलते ही गरज चमक और तेज हवाओं के चलते जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलती है, लेकिन बिजली कटौती की समस्या लोगों का पीछा नहीं छोड़ रही है। बिजली कटौती की समस्या से आए दिन शहर से लेकर गांव तक के लोग परेशान हैं। हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलते ही बिजली बंद हो जाती है इससे लोगों की परेशानी बढ़ जाती है।

